हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 29 मार्च 2024


तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 18.7 डिग्री


12 महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील




12 सूफी पंजाबी गायक कंवर ने मचाई धूम









## खबर संक्षेप



### एनएसएस शिविर के दौरान चलाया पौधरोपण अभियान

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दबन में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर वीरवार को भी जारी रहा। शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने पौधरोपण अभियान चलाकर इलाके को हरा-भरा करने का प्रयास किया। कार्यक्रम अधिकारी अमन कुमार द्वारा स्वयंसेवकों को पौधारोपण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### शादी का झांसा देकर छात्रा के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। फरकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की 12 वीं कक्षा में पढ़ती है। पिछले एक वर्ष से उनके पड़ोस में रहने वाला युवक मुकेश उसकी लड़की को परेशान कर रहा था। उसने कईं बार आरोपी को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। महिला ने बताया कि 24 मार्च को दोपहर साढ़े तीन बजे आरोपी युवक उसकी लड़की को शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ खेतों में ले गया। जहां आरोपी ने उसकी लड़की के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

### वाहन की टक्कर से घायल व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** गांव बकाना के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए बाइक चालक गांव खजूरी निवासी शिवदयाल की दलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कबजे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग घर से ही कर पाएंगे मतदान

## बीएलओ घर-घर जाकर बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता का सहमति प्रमाण पत्र लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को घर-घर जाकर बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता का सहमति प्रमाण पत्र लेने के दिए निर्देश हैं। मतदाता कि सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने और आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के लिए वचनबद्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनावी प्रक्रिया के तहत छह मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल सात मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि नौ मई रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना होगी।



यमुनानगर में लोकसभा चुनाव को लेकर जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी।

- जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां कर ली पूरी

### फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए किए पुख्ता इंतजाम

उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, सुलभ शौचालय, रैंप इत्यादि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं से घर से ही मतदान करने के लिए चुनाव कार्यालय की ओर से बीएलओ द्वारा घर- घर जाकर फार्म भरवाए जाएंगे, उनकी सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा। अगर कोई 85 वर्ष आयु से अधिक का बुजुर्ग, दिव्यांग ये कहता है कि मुझे मतदान केन्द्र पर वोट डालने में कोई परेशानी नहीं है और वह चलने में असमर्थ है तो उसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि वो अपना वोट डाल सके। प्रशासन द्वारा फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। कहीं पर भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिली तो तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके लिए फ्लाईंग स्क्वायड व सर्विलेंस टीम भी एक्टिव कर दिया गया है।

### टोल फ्री नंबर 1950 जारी

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति चुनाव से संबंधित शिकायत इस टोल फ्री नंबर पर दे सकता है। लोकसभा चुनाव की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# खेतों में जाकर उपायुक्त ने लिया खराबे का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर के गांव नगला जागीर में खराबे का जायजा लेते उपायुक्त।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने नगला जागीर व बाल छप्पर गांव के खेतों में जाकर ओलावृष्टि के कारण हुए फसल खराबे का जायजा लिया और किसानों से बातचीत की। उपायुक्त ने वीरवार को बिलासपुर क्षेत्र के नगला जागीर व बाल छप्पर गांव में पहुंच कर किसानों की गेहूं की फसल के खराबे का जायजा लिया। इन किसानों ने अपने खराबे की जानकारी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज की थी। किसानों द्वारा दर्ज की गई जानकारी का वास्तविक जायजा लेने के लिए उपायुक्त व डीआरओ तथा राजस्व विभाग के अधिकारी खेतों में पंहुचे। किसानों से खराबे के बारे में जानकारी सांझा की। उन्होंने स्वयं खेतों के बीच में जाकर खराबे का आंकलन किया।

इस दौरान उपायुक्त से कुछ किसान मिले और कहा कि उन्होंने जानकारी के अभाव से अपनी फसल का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है और अब पोर्टल बंद हो गया है। इस बारे में उपायुक्त ने डीआरओ श्याम लाल को कहा कि वह इन किसानों से लिखित में ले ले। यदि कोई ऐसी स्कीम आती है तो इन किसानों को भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

मौके पर डीआरओ श्याम लाल, तहसीलदार गौरव सबरवाल, आशीष कुमार, रीडर रविंद्र कुमार, सुभाष चंद, अमित कुमार, मोहन लाल नम्बरदार व अजमेर सिंह आदि मौजूद थे।

# सर्वसम्मति से हुए चुनाव में अनिल मुंजाल बने चेयरमैन

## सुरजीत सिंह प्रधान व बलदेव सिंह वरिष्ठ उपप्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर के रादौर में नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन शाखा कार्यकारिणी रादौर की ओर से वीरवार को महाराजा अग्रसेन पार्क में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक चुनाव मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक प्रांतीय महासचिव नरेंद्र धीमान की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। सह चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर प्रांतीय मुख्य प्रेस प्रवक्ता अमरीक सिंह व प्रांतीय प्रचार सचिव सुरेंद्र कुमार उपस्थित हुए।

बैठक में शाखा रादौर की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अनिल मुंजाल को चेयरमैन नियुक्त किया गया। वहीं सुरजीत सिंह को प्रधान, बलदेव सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, मोहनलाल शर्मा को सचिव, राजेंद्र सैनी को कोषाध्यक्ष, फूलचंद व शीशपाल को मुख्य संगठनकर्ता नियुक्त किया गया।

मौके पर सुरजीत सिंह, अश्विनी शर्मा, शीशपाल, जगदीश मंसूरपुर, राजेंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार, गुरविंदर सिंह, विपिन कुमार व राजकुमार आदि मौजूद थे।

# पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों ने बांधा समा

## दून पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुबका में समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर




यमुनानगर के दून पब्लिक स्कूल बुबका में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

दून पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुबका में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दून ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण चौधरी ने किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसीपल रेखा रानी ने की। बच्चों ने हिंदी, पंजाबी व अंग्रेजी गीतों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। वहीं बच्चों ने सामाजिक कुरीतियों के विरोध में लघु नाटक पेश कर सभी को सामाजिक बुराइयों दहेज प्रथा, नशाखोरी व कन्या भ्रूण हत्या का विरोध करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्रवीण चौधरी ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। हमें बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि 10वीं व 12वीं कक्षा में जो बच्चे 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करेंगे, उन्हें 11-11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित करेंगे।

- बच्चों ने हिंदी, पंजाबी व अंग्रेजी गीतों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी

इस अवसर पर स्कूल में नर्सरी से 12वीं कक्षा तक पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं खेलों के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर सुरेंद्र कांबोज, सुभाष कांबोज जयपुर व आयुष कांबोज आदि मौजूद थे।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में गुरु नानक खासला कॉलेज की टीम द्वितीय



यमुनानगर के गुरू नानक खालसा कॉलेज के विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरू नानक खालसा कॉलेज की टीम ने गुरु नानक देव विश्विद्यालय अमृतसर में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में हासिल किया दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में कॉलेज का नाम रोशन करने के बाद कॉलेज पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिंद्र सिंह कंग ने बताया कि कॉलेज के बीएससी स्पोर्ट्स द्वितीय वर्ष के छात्र सुमित कुमार और योग थेरेपी में पीजी डिप्लोमा कर रहे प्रेम कुमार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कलात्मक जिमनास्टिक पुरुष टीम के सदस्यों के रूप में उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने सुमित कुमार और प्रेम कुमार की उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए सराहना की। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने सुमित कुमार और प्रेम कुमार को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

### साइबर ठगों ने महिला के अकाउंट से निकाले 72 हजार

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने गांव जुब्बल निवासी रश्मी के अकाउंट से 72 हजार रुपये निकाल लिए। उपुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव जुब्बल निवासी रश्मी कुमारी ने बताया कि उसका बैंक खाता सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा अलाहर में है। इसका डेबिट कार्ड भी जारी कराया हुआ है। उसने अपनी लड़की के लिए एक्टिवा खरीदनी थी। इसलिए वह बैंक से रुपये निकलवाने के लिए गई थी। जब बैंक से रुपये निकालने लगी तो पता लगा कि दो माह पहले ही किसी ने उसके खाते अलग-अलग कर 72 हजार रुपये निकाल लिए हैं।

- एक्टिवा खरीदने के लिए बैंक से पैसे निकालने गई महिला को ठगी का चला पता

रश्मी ने बताया कि अकाउंट से पैसे निकलने का कोई भी मैसेज उसके पास नहीं आया। इसके बाद उसने आनलाइन शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# विकास पुरुष चौधरी बंसीलाल को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर के रादौर में जानकारी देते विधायक डॉ.बीएल सैनी।

- चौधरी बंसीलाल 31 मई 1968 को पहली बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने

कांग्रेस पार्टी की ओर से वीरवार को प्रदेश के निर्माता व विकास पुरुष चौधरी बंसीलाल की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर नमन किया गया।

हल्का रादौर विधायक डॉ.बीएल सैनी ने कहा कि चौधरी बंसीलाल एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कई लोगों द्वारा आ धु नि क हरियाणा के निर्माता माने जाते हैं। उनका जन्म हरियाणा के भिवानी जिले के गोलागढ़ गांव के जाट परिवार में हुआ था। बंसीलाल को 1975 में आपातकाल के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके पुत्र संजय गांधी का एक करीबी विश्वासपात्र माना जाता था। उन्होंने दिसंबर 1975 से मार्च 1977 तक रक्षा मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं भी दी एवं 1975 में केंद्र सरकार में बिना विभाग के मंत्री के रूप में उनका एक संक्षिप्त कार्यकाल रहा। उन्होंने रेलवे और परिवहन विभागों का भी संचालन किया। लगातार सात बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 1996 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अलग होकर हरियाणा विकास पार्टी की स्थापना की। 31 मई 1968 को पहली बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने और उस पद पर 13 मार्च 1972 तक बने रहे। 14 मार्च 1972 को उन्होंने दूसरी बार राज्य में शीर्ष पद धारण लिया और 30 नवम्बर 1975 तक पद पर बने रहे। उन्हें 5 जून 1986 से 19 जून 1987 तक एवं 11 मई 1996 से 23 जुलाई 1999 तक तीसरी और चौथी बार मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया।

- कांग्रेस के तत्वावधान में हुआ स्मृति दिवस का आयोजन

### दो युवक 467 हेरोइन के साथ दबोचे गए

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गांव लापरा के पास से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 467 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सेल में तैनात एसआई सतीश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव लापरा के पास दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे हैं। आरोपी नशीला पदार्थ सप्लाई करने के प्रयास में हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने टीम का गठन करके उक्त स्थान पर दबिश देकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे दोनों युवकों को हिरासत में लेकर उनके पूछताछ की तो आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के गांव बाईखेड़ी निवासी आवेश तथा उत्तर प्रदेश के गांव तिघरी निवासी शोयब के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाशी ली तो आवेश के पास से 100 ग्राम हेरोइन तथा शोयब के पास से 367 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# रंजिश के चलते परिवार के लोगों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रंजिश के चलते आधा दर्जन से अधिक लोगों ने परिवार के चार सदस्यों पर डंडों व बिंडों से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

जानकारी के अनुसार गांव गनौली निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि उसके भतीजे यशवीर का गांव के ही लवली के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद से आरोपी उससे भतीजे से रंजिश रखे हुए था। 26 मार्च को लवली ने उसके भतीजे पर हमला करने की नीयत से उसका पीछा किया। मगर उसका भतीजा घर आ गया। जिसकी शिकायत देने के लिए वह अपने भाई राजेश, पिता रामपाल व भतीजे यशवीर के साथ छछरौली थाने में गया था। जब शिकायत देकर वह वापस लौट रहे थे तो लवली ने अपने परिवार के सदस्यों शोयब, रफाकत, गोनी, बिट्टू, वाजिद व सावन के साथ मिलकर उन पर डंडों व बिंडों से हमला कर दिया। जिससे वह चारों घायल हो गए। जाते हुए आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर

### घर के बाहर खड़े युवक को डंडों से पीटा

आजाद नगर निवासी दीपक यादव ने बताया कि वह फूल सजावट का काम करता है। 25 मार्च को शाम के समय वह अपने घर के गेट के पास खड़ा था। उसी समय अन्नु, कर्ण व अंशु उसके पास आए। उसके साथ गाली गलोज करने लगे। जो हाथों मे डंडे लिए हुए थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया। शोर करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**निरीक्षण** | लंबित मामलों के निपटान के लिए सप्ताह में एक दिन लगाएं स्पैशल कोर्ट

# एसडीएम व तहसील कोर्ट के लंबित मामलों का शीघ्र करें निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि एसडीएम कोर्ट व तहसील कोर्ट में जो लंबित मामले हैं उ न का निपटान अति शीघ्र करवाया जाए। हो सके तो इसके लिए सप्ताह में एक दिन विशेष कोर्ट भी लगाई जा ए ।

- उपायुक्त ने बिलासपुर के एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, उप खजाना अधिकारी कार्यालय तथा थाने का किया औचक निरीक्षण

उपायुक्त ने वीरवार को बिलासपुर के एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, उप खजाना अधिकारी कार्यालय तथा थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी से गहनता से पूछताछ की और करवाए जा रहे कायार्ें की समीक्षा भी की। उपायुक्त ने एसडीएम को निर्देश दिए कि जो धारा 147 के मामले अभी विचाराधीन हैं उनके तसमाधान के लिए स्पेशल कोर्ट सप्ताह में एक बार लगाई जाए और इसकी जानकारी बार के एडवोकेट को भी दी जाए।



यमुनानगर के बिलासपुर में उप खजाना कार्यालय का निरीक्षण करते उपायुक्त।

### जमीन विभाजन व गिरदावरी के मामलों को शीघ्र निपटाएं

उपायुक्त ने कहा कि कुछ ऐसे मामले हैं जिनके समाधान के लिए समय नहीं लगता, इसके बावजूद भी महीनों तक मामले पड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि जमीन विभाजन व गिरदावरी के मामलों को शीघ्र निपटाएं। उन्होंने कहा कि पीपीएफ के तहत जो मामले हैं उन पर विचार किया जाए जो व्यक्ति तारीख पर नहीं आते उन्हें नोटिस देकर केस को निपटाएं। उपायुक्त ने कहा कि सीएम विंडो के जो मामले विचाराधीन हैं उनका भी समय रहते जवाब दें। उपायुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय के तहसीलदार से तहसील में हो रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। डीसी ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि तकसीम के जितने मामले हैं उन पर तुरंत कार्यवाही हो। दो महीने के अंदर-अंदर अधिकतर मामलों का निपटान हो। जो भी जरूरी रजिस्टर है उनको अपडेट रखें। उपायुक्त ने बिलासपुर थाने के निरीक्षण के दौरान एसएचओ राय सिंह से जानकारी मांगी। उन्होंने बताया कि थाने में 84 जवानों की पोस्ट है, परंतु अब 17 ही जवान तैनात हैं। इस क्षेत्र में कोई बड़ा अपराधी नहीं है। यहां 73 भगौड़ों का रिकॉर्ड है, जो नए हैं उनको पकड़ा जा रहा है।

# जैन मिलन की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

## महेश जैन सर्वसम्मति से बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर के श्रीसुमतिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

जैन मिलन की विशेष बैठक का आयोजन वीरवार को छोटी लाइन स्थित श्री सुमतिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर के सभागार में किया गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए वीर महेश जैन को प्रधान बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान महेश जैन ने की तथा संचालन महामंत्री देवेन्द्र जैन ने किया।

- 14 अप्रैल को विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय

सुशील जैन ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए सर्वसम्मति से जैन मिलन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि वीर महेश जैन को प्रधान, वीर राकेश जैन को उपप्रधान, वीर देवेन्द्र जैन को महामंत्री, वीर दीपक जैन को कोषाध्यक्ष, वीर आशीष जैन को सहमंत्री, वीर अटल जैन को जैन जीव दया केन्द्र का संयोजक, वीर संदीप जैन को जैन नेत्रदान केन्द्र का संयोजक व वीर सुशील जैन को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया। जबकि वीर विनोद जैन, वीर संजीव जैन, वीर पुनीत गोल्डी जैन को कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में शामिल किया गया। कार्यक्रम में भगवान महावीर स्वामी के 2550 वें निर्वाण कल्याण व आदिनाथ जयंति के उपलक्ष पर 14 अप्रैल को विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि यह कार्य डीएवी गर्ल्स कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### दुगारी में लगाया जागरूकता कैंप

कुरुक्षेत्र। भारत सरकार द्वारा मार्च 2024 को राष्ट्रीय बर्थ डिफेक्ट माह घोषित किया गया है। इसी के तहत गांव दुगारी में जागरूकता कैंप लगाया गया। कैंप में आरबीएसके टीम ने जन्मजात विकृतियों के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर जिला कुरुक्षेत्र डिप्टी सिविल सर्जन, स्कूल हेल्थ डाक्टर करूणा ढींगरा के मार्गदर्शन में आरबीएसके बाबैन टीम डा. प्रवीन गिल, फार्मासिस्ट मिनाक्षी आदि रहे।

### ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को किया जाएगा सम्मानित

कुरुक्षेत्र। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में पिछले करीब चार दशकों से गीता जयंती के भव्य आयोजन के साथ गरीब परिवारों की कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह, ग्रामीण आंचल में कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने, भारतीय संस्कृति व संस्कारों, संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार, विज्ञान, स्वास्थ्य सेवाओं, गौ संरक्षण एवं अध्यात्म में श्री जयराम संस्थाओं तथा इनके परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का अहम योगदान है।



### युवा भारत युवा साथ ट्रस्ट का किया सम्मान

कुरुक्षेत्र। कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में शहीदी दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर, मेडिकल चेकअप कैम्प, राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन हिमालयन सेवियर्स के द्वारा नगर परिषद मैदान कांगड़ा में किया गया, जिसमें कुरुक्षेत्र हरियाणा में रक्त सेवा कर रही संस्था युवा भारत युवा साथ ट्रस्ट को निस्वार्थ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष मुरली शर्मा ने बताया 23 मार्च को हिमालयन सेवियर्स के द्वारा देश के लिए शहीद हो चुके वीर सैनिकों को नमन कर रक्तदान शिविर किया गया।

### चुनावी रण में कमेरे वर्ग की होगी जीतः चौटाला

पिहोवा। इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व कुरुक्षेत्र लोकसभा से इनेलो प्रत्याशी चौ.अभय सिंह चौटाला ने पिहोवा के एक निजी पैलेस में कार्यकताअरं को संबोधित करते हुए भाजपा व कांग्रेस को लुटेरों का गिरोह बताते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोक सभा चुनाव में पूंजीपतियों व कमेरा वर्ग के बीच में मुकाबला होगा। चुनावी रण में जनता कमेरा वर्ग को जीतने का काम करेगी। अभय सिंह चौटाला ने कहा प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ी है।

### प्रो. शुचिस्मिता ने संभाला नंदा केन्द्र का कार्यभार

थानेसर। कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार संगीत एवं नृत्य विभाग की सेवानिवृत्त प्रो. शुचिस्मिता को कुवि के श्रीगुलजारी लाल नंदा नीतिशास्त्र, दर्शनशास्त्र केन्द्र, म्यूजियम एवं पुस्तकालय का कार्यभार सौंपा गया है। केयू लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि पदभार ग्रहण करते हुए प्रो. शुचिस्मिता ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का धन्यवाद व्यक्त किया।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 34 ने किया रक्तदान

कुरुक्षेत्र। द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज में एनएसएस यूनिट की ओर से प्राचार्य डॉ. अरुण पुनियानी के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के सहयोग से यह शिविर लगाया गया। शिविर में सेवानिवृत्त मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी की अध्यक्षता रही जबकि एलएनजेपी अस्पताल के रक्त कोष प्रभारी डॉ रमा के दल ने रक्तदान संगृहीत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ अरुण पुनियानी

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा द आर्ट ऑफ लिविंग के बीच हुआ एमओयू साइन

# विद्यार्थियों में आत्म विकास जागृत करना परमावश्यक : प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा द आर्ट ऑफ लिविंग के बीच एमओयू पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा तथा द आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से संस्थागत कार्यक्रम के कंट्री हेड डॉ. राजीव नांबियार ने राज्य निदेशिका हरियाणा शुचिका बत्रा की उपस्थिति में इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने इस एमओयू के लिए बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों में आत्म विकास को जागृत करने, पारस्परिक कौशल विकसित करने व सीखने तथा अनुसंधान पर विशेष जोर दिया गया है जिसके मददेनजर केयू तथा द आर्ट ऑफ लिविंग के बीच इस समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को स्वयं के सर्वांगीण विकास के लिए तनाव मुक्त एवं शांत चित्त रहना आवश्यक है तभी वह जीवन की सफलतम ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। इसके लिए विद्यार्थियों में आत्म विकास जागृत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केयू आईआईएचएस में एमओयू के माध्यम से द आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा विद्यार्थियों के लिए ह्यआत्म विकासह्ण को लेकर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जाएगा जिसकी अवधि 20 घंटे की होगी। उन्होंने कहा कि इस सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से युवा विद्यार्थी जीवन में आने वाली तनावपूर्ण परिस्थितियों से निपटने में सक्षम होंगे, शिक्षकों व छात्र के बीच संबंध मधुर होंगे तथा युवाओं के लिए अपने पारस्परिक कौशल को विकसित करने में मदद भी मिलेगी। द आर्ट ऑफ लिविंग के कंट्री हेड राजीव नांबियार ने कहा कि विद्यार्थियों में सेल्फ डेवलपमेंट आज के समय की मांग है क्योंकि जीवन में हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए मनुष्य का सक्षम होना बहुत जरूरी है। इस एमओयू के माध्यम से शुरू किए जाने वाले सर्टिफिकेट कोर्स के तहत अनुभवी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को आत्म विकास के गुर प्रदान किए जाएंगे तथा इस कोर्स के लिए केयू आईआईएचएस नोडल केन्द्र होगा। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, द आर्ट ऑफ लिविंग के कंट्री हेड डॉ. राजीव नांबियार, प्रो. विनोद भारद्वाज, राज्य निदेशक हरियाणा शुचिका बत्रा, आईआईएचएस प्राचार्या प्रो. रीटा दलाल, प्रो. अनिता दुआ, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. जसविन्द्र, प्रो. अश्वनी मित्तल, डॉ. दीपक राय बब्बर, कर्ण अरोड़ा व मुकेश बत्रा मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। एमओयू की प्रति दिखाते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

## केयू ने जारी की पीजी सेमेस्टर परीक्षाओं की डेटशीट, परीक्षाएं 1 मई से होंगी शुरू

*कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा द्वारा स्वीकृत शैक्षणिक शेड्यूल के मद्देनजर संचालन शाखा दूरा पीजी सेमेस्टर की डेटशीट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। केयू परीक्षा नियंत्रक डॉ हुकम सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा संबंधित महाविद्यालयों की पीजी सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पीजी सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 मई, 2024 से शुरू करवाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि ऑफलाइन मोड़ में होने वाली इन सभी परीक्षाओं में भी संबंधित केन्द्रों व संस्थानों में ऑब्जर्वर व केन्द्र अधीक्षक की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की डेटशीट संबंधित सूचना सभी विभागाध्यक्षों, महाविद्यालयों के प्राचार्यों को व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई जा चुकी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि 1 मई से ऑफलाइन मोड़ में आयोजित होने वाली पीजी परीक्षाओं में एमकॉम इंफोर्मेशन टेकनोलॉजी, एमए हयूमन राईटस, एमएससी (अप्लाईड फिजिक्स, इंडसट्रियल केमेस्टी), एमकॉम, एमए राजनीति शास्त्र एवं एमए डिफेंस एंड स्ट्रेटजिक स्टडीज, एमए एजुकेशन, बीएड स्पैशल एजुकेशन (वीआई), एमएससी जूलॉजी, एमएससी फोरेंसिक साईंस, एमएससी बॉयोटेक्नोलोजी, एमएससी बॉयोकैमेस्ट्री, एमएससी बॉटनी, एमएससी होम साईंस (सीबीसीएस-एलओसीएफ), एमएससी होम साईंस (नॉन सीबीसीएस), एमए अंग्रेजी, एमए संस्कृत, एमए एआईएच कल्चर एंड आरकेलोजी, एमएससी जियोग्राफी, एमएससी एपलाईड जियोलॉजी, एमए इतिहास, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमए साईकोलॉजी, एमएचएम एंड सीटी (री-अपीयर), एमपीएड, बीपीएड, एमए योगा की दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल है। उपरोक्त के अतिरिक्त एमएससी फोरेंसिक साइंस (पंचवर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स) द्वितीय, चौथे, छठे, आठवें और दसवें सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा इन न्यूट्रिशन डाईटिक्स, पीजी डिप्लोमा इन स्किन एंड हेयर थेरेपी एंड पीजी डिप्लोमा इन फैशन डिजाईनिंग, एमएड स्पैशल ऐजुकेशन (वीआई) द्वितीय सेमेस्टर, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (बीएचएम एंड सीटी) द्वितीय, चौथे एवं छठे सेमेस्टर (सीबीसीएस एवं नॉन सीबीसीएस), पीजी डिप्लोमा इन फलोरिक्लचर आदि की परीक्षाएं भी शामिल है।*


कुरुक्षेत्र। कैंप में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### गुरुकुल में लगाया दो दिवसीय हेल्थ चैकअप कैंप

कुरुक्षेत्र। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुकुल कुरुक्षेत्र में मेगा हेल्थ चैकअप कैम्प लगाया गया जिसमें गुरुकुल के टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ की विभिन्न जांच की गई बल्कि जरूरतमंदों को दवाइयां भी वितरित की गई। कैम्प के समापन पर आज सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह तथा डिप्टी सीएमओ डॉ. जगमहेन्द्र मलिक विशेष रूप से गुरुकुल पहुंचे जहां प्रधान राजकुमार गर्ग ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, वैद्य सुखबीर आर्य, कुलदीप मलिक, नवदीप मान सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे। प्रधान राजकुमार गर्ग ने बताया कि गुरुकुल में लगभग 200 परिवार आवासीय रूप से रहते हैं, जिन्हें इस मेगा हेल्थ चैकअप कैम्प से बहुत लाभ मिला। कैम्प में गुरुकुल स्टाफ सहित उनके परिवार के सदस्यों की भी विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई और दवाइयां भी बांटी गईं।


शाहबाद। प्रभातफेरी में मौजूद भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

### प्रभातफेरी का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

शाहबाद। नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर से नवरात्रों से पहले निकली जा रही प्रभातफेरियो की श्रृंखला में आज की प्रभातफेरी लाइब्रेरी बाजार स्थित आशु जिंदल के निवास पर पहुंचे जहां मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सतीश शर्मा ने आयोजक परिवार से पूजा अर्चना करवाई आयोजक परिवार ने प्रभातफेरी में आए मां के भक्तों की पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। तदोपरांत भजनिक राजीव गुप्ता ने गणेश वंदना करके भजनों की शुरूआत की। भजनीक विजय रानी गुप्ता ने माता की भेंट शेर पर सवार होके आजा शेरावालिए और भजनीक अवशीष शर्मा ने प्यारा सजा है दरबार शेरावालीये माता की भेंटो से पूरा वातावरण माता के रंग में रंग गया। अंत में आयोजक परिवार को मंदिर सभा की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रमेश चंद्र गुप्ता, विधायक रामकरण, प्रवेश शर्मा, वीरेंद्र ठुकराल, विपुल जिंदल, रामकृष्ण हंसीजा, मनिंदर सिंघल, गुल्लू वर्मा, प्रवेश सिंगल, रेनू गुप्ता, मधु, मीनू रहे।

## प्रदेशभर के आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

- मांगे नही मानी तो एक अप्रैल से प्रदेश भर की मंडियों में आढ़ती सरकार के विरुद्ध करेंगे धरना प्रदर्शन
- हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक में आढ़तियों की मांगों पर किया विचार विमर्श


हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक पिपली रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने की। बैठक में हरियाणा की मंडियो की विभिन्न समस्याओ बारे विस्तृत चर्चा की गई और मांगों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि अगर सरकार मांगे नहीं मानती है तो 1 अप्रैल से 5 अप्रैल 2024 तक हरियाणा की सभी मंडियों में आढ़ती सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करेंगे। अगर सरकार फिर भी मांगे नहीं मानती तो चुनाव तिथि से 10 दिन पहले पूरे हरियाणा में सरकार का और जोर-शोर से खुला विरोध करेंगे। इससे आढ़तियों के साथ-साथ किसानों में बहुत रोष है। अत सरकार से निवेदन है कि सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली सभी फसलों का भुगतान किसान की सहमति अनुसार आढ़ती या किसान के स्वयं के खाते में अदा किया जाना चाहिए। बैठक में संगठन के संरक्षक दुनी चंद अंबाला, चेयरमैन रजनीश चौधरी करनाल, कार्यकारी प्रधान राम अवतार तायल हांसी, कोषाध्यक्ष बिट्टू कालड़ा शाहाबाद, मुख्य सलाहकार सुरेंद्र मिंचनाबादी सिरसा, को चेयरमैन हर्ष गिरधर रोहतक, वरिष्ठ उप प्रधान धर्मवीर मलिक पानीपत, सीनियर उप प्रधान शिवकुमार कंबोज यमुनानगर, अश्विनी शोरेवाला कैथल, उप प्रधान गौरव तेवतिया पलवल, उप प्रधान बनारसी दास कुरुक्षेत्र, जिला हिसार प्रधान पवन गर्ग, जिला सोनीपत प्रधान पवन गोयल, जिला जींद प्रधान राज्यपाल लाठर आदि समेत काफी संख्या में मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक में मौजूद राज्य कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## आयुष विवि के अस्पताल में मरीजों की जांच के लिए दूरबीन मशीन की सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विवि के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के अस्पताल में नाक, कान और गला के मरीजों की जांच के लिए अब नई आधुनिक ईएनटी दूरबीन मशीन की निःशुल्क सुविधा हो गई है। इस मशीन से मरीजों के रोग की जांच तुरंत कर ली जाती है और संबंधित मरीज को तुरंत समस्या भी बता दी जाएगी। अत्याधुनिक वर्क स्टेशन मशीन को अस्पताल के वार्ड नं 50 में इंस्टॉल कर दिया गया है। ईएनटी विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आशु विनायक ने बताया कि सरकारी अस्पताल में लगने वाली संभवतया यह पहली अत्याधुनिक मशीन है। इससे सारी जांचें होंगी और तुरंत रिजल्ट भी सामने आएगा। उन्होंने बताया कि पहले जांच करने में परेशानी होती थी, एंडोस्कोपी से लेकर सारी जांचें अलग-अलग करानी पड़ती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा, दूरबीन मशीन से ही पूरी जांच हो जाएगी। सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज तंवर ने कहा कि ईएनटी वर्क स्टेशन मशीन आने के बाद लगातार मरीजों का ग्राफ बढ़ रहा है। इस मशीन के द्वारा नाक बंद रहना की भी जांच दूरबीन द्वारा मुफ्त की जाती है।


कुरुक्षेत्र। दूरबीन मशीन द्वारा मरीज का चेकअप करते चिकित्सक।

### सीएम फ्लाइंग ने स्किन केयर सेंटर को किया सील

कुरुक्षेत्र। छठी पातशाही गुरुद्वारा की दुकानों में चल रहे स्किन केयर सेंटर पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने वीरवार दोपहर रेड कर दी। टीम ने सेंटर को ताला लगाकर सील कर दिया है। टीम ने यहां से कुछ सैंपल भी लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक सीएम फ्लाइंग की टीम को सेंटर से संबंधित शिकायतें मिल रही थी। इसके बाद सीएम फ्लाइंग और एलएनजेपी अस्पताल की संयुक्त टीम ने स्किन केयर सेंटर पर रेड कर दी। टीम ने सेंटर के रिकॉर्ड और दवाओं को खंगाला, जिसके बाद सेंटर को सील करके टीम लौट गई। सीएम फ्लाइंग की टीम ने मौके से काफी मात्रा में दवाओं के सैंपल लिए हैं। टीम ने मामले को लेकर संचालक से पूछताछ भी की। बताया जाता है कि टीम ने संचालक से सेंटर से संबंधित दस्तावेज भी दिखाने को कहा, जिसे संचालक नही दिखा पाया। सीएम फ्लाइंग सेंटर से बरामद दवाओं को जांच के लिए भेजेगी। उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।


कुरुक्षेत्र। स्किन केयर सेंटर के शटर पर लगी सील। फोटो : हरिभूमि

### चूरापोस्त में सुनाई दो साल कारावास की सजा

कुरुक्षेत्र। जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र अमरेन्द्र शर्मा की अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के दोषी शेर सिंह पुत्र सिकंदर सिंह वासी खेडी सरफली को 2 साल कारावास व 5 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी कर्मबीर ने बताया कि 3 जुलाई 2019 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 के उप निरीक्षक जीत सिंह की टीम अनाज मंडी गेट सलारपुर रोड कुरुक्षेत्र पर मौजूद थी। उसी समय पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल सवार एक नौजवान लड़के को शक के आधार पर काबू किया था। आरोपी की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 2 किलो 500 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ था।

## जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध सर्वसम्मति से फिर बने प्रधान

- कार्यकारी महासचिव रमणीक सिंह मान को कार्यकारिणी समिति से किया बाहर, सुखविंदर सिंह मंडेबर बहुमत से जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वार्षिक बजट पास करने के लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के जरनल हाऊस की रखी गई बैठक में सदस्यों ने उल्ट फेर कर नई कार्यकारिणी समिति का चयन किया। बैठक में हुए उल्ट फेर की पुष्टि करते हुए प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने पत्रकारों को बताया कि सुदर्शन सिंह सहगल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बीबी रविंदर कौर अजराना को कनिष्ठ उपप्रधान, सुखविंदर सिंह मंडेबर को महासचिव, गुलाब सिंह मुनक को संयुक्त सचिव बनाया गया है। इसके अलावा जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, जत्थेदार जगसीर सिंह मांगेआना, बलदेव सिंह खालसा, सुदर्शन सिंह गावड़ी, तजिंदरपाल सिंह अंबाला और तजिंदर सिंह नारनौल को कार्यकारिणी समिति सदस्य चयनित किया गया है। इस मौके पर बाबा गुरमीत सिंह तिलोकेवाला, रमणीक सिंह मान, बीबी रविंदर कौर अजराना, बीबी राणा कौर भट्टी, जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, जसवंत सिंह दुनियामाजरा, दीदार सिंह नलवी, बलदेव सिंह खालसा, हरबंस सिंह कडकौली, हरप्रीत सिंह जंगी, सुखविंदर सिंह मंडेबर, तरविंदरपाल सिंह, सुदर्शन सिंह सहगल, भूपिंदर सिंह बिंद्रा, जगसीर सिंह मांगेआना, मोहनजीत सिंह पानीपत, विनर सिंह, गुरबखश सिंह, सुदर्शन सिंह गावड़ी, परमिंदर कौर जींद, सुखसागर सिंह हिसार, अंग्रेज सिंह गुराया, साहब सिंह चक्कू, गुरमीत सिंह सीवन, गुलाब सिंह मुनक, तजिंदरपाल सिंह नारनौल, सुजिंदर सिंह तूर, मलकीत सिंह गुराया आदि रहे।


कुरुक्षेत्र। हरियाणा कमेटी की चुनी गई नई कार्यकारिणी समिति सदस्यों के साथ प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध। फोटो : हरिभूमि

### जनसभा के सफल आयोजन के लिए अभय सिंह चौटाला ने इनेलो नेत्री तनुजा को बधाई दी

# भाजपा के पास प्रत्याशी नहीं, पार्टी में नए जुड़े नेताओं को टिकट दीः अभय

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा सरकार के पास कुरुक्षेत्र में ऐसा कोई कार्यकर्ता नही है जिस पर वह भरोसा देकर टिकट दे सके, इसलिए परसो तक दूसरे दलों में शामिल नेता को 35 मिनट पहले ईडी का डर दिखाकर भाजपा हैड आफिस बुलाकर भाजपा ज्वाईन करवाई और कुरुक्षेत्र लोकसभा में चुनाव लड़ने के लिए भेज दिया। अभय चौटाला ने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के पास अपने कैंडिडेट नही है। हरियाणा में 10 में से 6 उम्मीदवार इनके इम्पोर्ट किए हुए है और इनमें दो को तो 35 मिनट पहले भाजपा में शामिल कर टिकट देने का काम किया। वे पंजाबी धर्मशाला में इनेलो महिला विंग की अध्यक्षा तनुजा द्वारा आयोजित इम्प्रेसिव जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा के सफल आयोजन के लिए अभय सिंह चौटाला ने इनेलो नेत्री तनुजा को बधाई दी। अभय चौटाला ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को घेरते हुए कहा कि नवीन जिंदल 10 साल तक कुरुक्षेत्र की जनता से दूर रहे। अब चुनाव के समय में जनता के बीच पहुंचे है। उन्होंने जनसभा में मौजूद वर्करों से कहा कि ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए संगठित होने की जरूरत है। इस अवसर पर इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, शेर सिंह बड़शामी, संगठन सचिव श्याम सिंह राणा, जिलाध्यक्ष बूटा सिंह लुखी, थानेसर हलका अध्यक्ष कृष्ण बूरा किरमच, इनेलो महिला विंग की अध्यक्ष तनुजा, धर्मवीर कश्यप, सुखबीर सिंह रोड़ मौजूद रहे। थानेसर हलका अध्यक्ष कृष्ण बूरा किरमच ने इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा का जनसभा में पहुंचने पर स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। अभय सिंह चौटाला ने मंच से महिला विंग की अध्यक्षा तनुजा को शहर के सभी वार्डो और थानेसर हलका के अध्यक्ष कृष्ण बूरा किरमच को ग्रामीण इलाकों में घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति को भाजपा व कांग्रेस सरकार की लूट खसोट की नीति बारे अवगत कराने की डयूटी लगाई। जनसभा को इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, शेर सिंह बड़शामी, संगठन सचिव श्याम सिंह राणा, जिलाध्यक्ष बूटा सिंह लुखी, थानेसर हलका अध्यक्ष कृष्ण बूरा किरमच, इनेलो महिला विंग की अध्यक्ष तनुजा, सुखबीर सिंह रोड़ ने भी संबोधित किया।



कुरुक्षेत्र। जनसभा में मौजूद लोगों को संबोधित करते इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला।


कुरुक्षेत्र पंजाबी धर्मशाला में जनसभा में मंचासीन इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

### कार्यालय का किया उद्घाटन

जनसभा से पहले अभय सिंह चौटाला ने रेलवे रोड पर बने इनेलो महिला विंग की अध्यक्षा तनुजा द्वारा बनाए गए हलका कार्यालय का भी उद्घाटन किया। अभय सिंह चौटाला ने जनसभा में मौजूद वर्करों से आह्वान किया वे लोकसभा में इनेलो की सरकार बनाने के लिए जी जान से जुट जाए। उन्होंने कहा कि यदि लोकसभा चुनाव इनेलो ने जीत लिया तो आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता से बाहर हो जाएगी और इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी सत्ता पर काबिज होगी। अभय सिंह चौटाला ने घोषणा की कि इनेलो पार्टी के सत्ता में आने हर घर में एक युवा को रोजगार या नौकरी देंगे और बेरोजगार युवकों को 21 हजार रुपये भत्ता देंगे। महिलाओं को हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त व हर ग्रहिणी के खाते में 1100 रुपये डालने का काम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### 170 बोतल शराब सहित दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजूपाल उर्फ राजू को 116 बोतल देसी, 20 बोतल बीयर व 18 बोतल अंग्रेजी (कुल 154 बोतल) अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### धमकी देने के मामले में तीन आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी हैवनप्रीत सिंह, मोहित सिंह व सिमरनजीत सिंह उर्फ शैंकी को शामिल जांच किया। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### अफीम तस्करी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 एक किलोग्राम अफीम तस्करी के मामले में आरोपी रवि हसन उर्फ को गिरफ्तार किया है। अब उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जन को गिरफ्तार किया है। राजीव ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसकी दुकान से नकद राशि चोरी करने का अपराधिक कार्य किया है।

### किशोरी से दुर्व्यवहार करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज किशोरी से दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने आरोपी हैदर को गिरफ्तार किया है। किशोरी की माता ने 26 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी हैदर ने उसकी किशोर बेटी से दुर्व्यवहार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी हैदर को काबू किया है।

# सूफी पंजाबी गायक कंवर ने मचाई धूम, वाह-वाह मौज फकीरां दी पर झूमे लोग

- सांई मंदिर के स्थापना पर आयोजित हुआ कार्यक्रम
- समारोह में फूलों से सजाए गए सांई बाबा व उनका सुंदर दरबार आकर्षण का केंद्र रहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़**

सूफी संगीत के लोकप्रिय पंजाबी गायक कंवर ग्रेवाल ने अपने गीतों से धूम मचा दी। वाह-वाह मौज फकीरां दी, ओह जित्थे चलेगा चलूंगी नाल तेरे टिकटा दो लै लई, यार दी खातिर नचना पैंदा पर उन्होंने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। चिर परिचित अंदाज में उन्होंने कई पंजाबी के साथ सूफी गीतों से समा बांध दिया।

सांई धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित स्थापना दिवस विशाल सांई भजन संध्या में कंवर ग्रेवाल ने सांई बाबा का गुणगान किया। पूर्ण श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास से मनाए गए इस समारोह में फूलों से सजाए गए सांई बाबा व उनका सुंदर दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। ग्रेवाल द्वारा बनाए गए सूफी माहौल में हजारों की भीड़ जमा हो गई और लोग अपनी जगह से हिलने को तैयार नहीं थे। जहां जिसको अवसर मिला वह वहीं से सूफी गायक के भजनों पर झूमता नजर आया। ग्रेवाल द्वारा सांई भजन संध्या का शुभारंभ जप लै राम नूं, ध्या लै राम नूं ईश्वर वंदना के साथ किया गया।

उसके बाद छल्ला, तकड़ी नानक दी, अरे द्वार पालो, मस्त बना देंगे बीबा, हरे राम-हरे राम, राम राम-हरे हरे, आ गया यार-मेरा आ गया यार, तुम्हें दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी, गिददा तेरे इश्क दा आदि सूफी संगीतों पर पंडाल में हजारों की संख्यां में उपस्थित लोग जमकर झूमें।

भजन संध्या कि विशेष बात यह भी रही कि संध्या में उपस्थित पंजाबी गायक ने अपने सुरीले अंदाज में संगीत सुनाकर संगत को निहाल किया व शेरो-शायरी भी की, वहीं उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ के चलते पंडाल में पैर रखने तक की जगह नही रही और हर कोई केवल अपने स्थान पर अडिग रहा।

## ओह जित्थे चलेगा चलूंगी नाल तेरे टिकटा दो लै लई गीत पर भी जमकर मचाया धमाल

### काकड़ आरती व बाबा को कराया मंगल स्ना

दसवें स्थापना दिवस पर बुधवार की सुबह 5.30 बजे काकड आरती का आयोजन किया गया जिसमें शिरडी मन्दिर (महाराष्ट्र) के सेवानिवृत मुख्य पुजारी सुलाखे गुरूजी सहित क्षेत्र के सैंकड़ो श्रद्धालुंओं ने बाबा को अपने हाथों से मंगल स्नान करवाया। इस दौरान मंदिर प्रांगण सांई बाबा के जयकारों से गूंजता रहा। स्थापना दिवस समारोह में सभी धार्मिक अनुष्ठान भी सुलाखे की देखरेख में पूर्ण श्रद्धाभाव से संपन्न किए गए। सुलाखे गुरू ने कहा कि कस्बे के प्यार एवं श्रद्धा के कारण ही दसवां स्थापना दिवस इतनी धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिस प्रकार शिर्डी के सांई श्रद्धांलु को अपने द्वार बुलाते रहते हैं उसी प्रकार यहां विराजमान सांई बाबा ने उन्हें पिछले दस वर्षो में हर वर्ष यहाँ आकर दर्शन करने का अवसर प्रदान किया। बाबा यहां ऐसे साक्षात विराजमान हैं जिन्हें देख कर लगता है कि हम शिर्डी में हों। यह यहां के लोगों की सेवाभाव व भक्ति का प्रमाण है। उन्होंने सांई से सभी के लिए मंगल कामना की। सांई भजन संध्या से पूर्व सांई धाम सेवा समिति द्वारा बाबा के अटूट लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के प्रधान मनीष ने स्थापना दिवस के समापन अवसर पर सभी भक्तजनो, समिति सदस्यों, बाहर से आए गणमान्य व्यक्तियों, समा बांधने के लिए सूफी गायक कंवर ग्रेवाल व उनकी टीम तथा शिर्डी से पहुंचे सुलाखे गुरू के साथ-साथ सफल आयोजन के लिए साईं बाबा का धन्यवाद किया।



नारायणगढ़। सांई भजन संध्या के दौरान भजन गाते सूफी गायक कंवर ग्रेवाल व मौजूद लोग।

## अंबाला शहर में हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान लोगों से मुलाकात की

# एनडीसी का मतलब, नंबर दो का सर्टिफिकेट पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने भाजपा पर बोला हमला

नो ड्यूज सर्टिफिकेट' का नाम बदलकर इस सरकार ने 'नंबर दो सर्टिफिकेट बना दिया है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

कांग्रेसी नेता एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने वीरवार को शहर में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस कार्यक्रम की शुरूआत की। यात्रा का मुख्य बाजारों बड़ी धूमधाम से फूल मालाओं के साथ स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम पुराने सिविल अस्पताल से शुरू होकर जगाधरी गेट,पटेल रोड,सर्राफा बाजार,स्वामियां मोहल्ला,बांस बाजार से होता हुआ शुक्लकुंड रोड व आस पास के इलाकों में



अंबाला। हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान लोगों से मुलाकात करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व अन्य।

'घर-घर कांग्रेस हर-घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत एक डोर टू डोर कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात करते हुए भाजपा सरकार पर कटाक्ष किया। निर्मल सिंह ने कहा की इस सरकार ने एनडीसी का मतलब ही बदल दिया 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' का नाम बदलकर इस सरकार ने 'नंबर दो सर्टिफिकेट बना दिया है' मतलब नंबर दो मे पैसे दो और तुरंत जारी होगा सर्टिफिकेट।हरियाणा सरकार ने आपदा में अवसर ढूंढते हुए एनडीसी की आड़ में जनता को ठगने की नयी योजना साध ली है।

उन्होंने कहा की अम्बाला शहर की लगभग साठ हजार प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे पिछले पांच सालों से चल रहा है। पूरे प्रदेश का लगभग सात सौ करोड का टेंडर देकर सरकार ने एक प्राइवेट कंपनी को सर्वे करने का ठेका दिया गया।आरोप लगे की कंपनी के लोगों ने जनता के बीच जाकर सर्वे करने की बजाय घर बैठे ही प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे गलत तरीके से कर दिया। फिर उनको ठीक करवाने के लिए लोगों को धक्के खाने के लिए छोड़ दिया। गलतियां प्रशासन या कंपनी की तरफ से हुई लेकिन अर्थिक भुगतान और परेशानिया जनता के हिस्से में डाल दी गई। प्रॉपर्टी आईडी क्योंकि एनडीसी के लिए अनिवार्य है। लोगों के पास कोई रास्ता नहीं बचा। भ्रष्टाचार और कुशासन के नीचे सालों से अंबाला शहर की जनता और प्रॉपर्टी डीलर त्राहि-त्राहि कर रहे है।उन्होंने कहा कि लोगों के मन मे यही सवाल चल रहे हैं कि ये पैसे देकर जब चाहें,काम करवा ले कोई,तो फिर ये सरकार और सरकारी स्कीम कैसी? उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग करते हुए कहा की जनता पहले ही आपकी सरकार द्वारा लगाए गए बेबुनियाद टैक्सों की सताई घूम रही है। पांच हजार लेकर दो दिन में काम करने की बजाय सरकार इसको रूटीन वर्क में क्यों नहीं कर सकती? क्या सरकार भी अब दो नंबर में पैसे लेकर काम करेगी? उन्होंने जनता के हित मे मांग करते हुए कहा की जनता को राहत देते हुए ये पांच हजार लेकर एनडीसी देने का अपना यह फरमान वापिस लेकर लोगो को रूटीन में एक दिन में ही एनडीसी जारी करके राहत देने का काम करे।



नारायणगढ़। महिला चौपाल के दौरान मौजूद महिलाएं व अन्य लोग।

# महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील

- नगावां व बधौली में आयोजित की गई महिला चौपाल, कई गतिविधियों का भी हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़**

गांव नगावां तथा बधौली में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें गांव की 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी लड़कियां और महिलाओं ने भाग लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से सुपरवाइजर राजिंद्र कौर द्वारा लड़कियों और महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। मतदान के दिन हमें वोट डालने जरूर जाना चाहिए ताकि एक अच्छा उम्मीदवार चुनकर हम देश को दे सके और वह देश की सरकार को अच्छी प्रकार से चला सके। महिलाएं ज्यादा से ज्यादा अपनी वोट डाले। युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया और बताया गया कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। इस मौके पर महिलाओं को शपथ भी दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि उपमंडल के विभिन्न गांवों में लोकसभा चुनाव के लिए एसडीएम यश जालुका के दिशा निर्देशानुसार व स्वीप के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महिला चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। वित्तीय साक्षरता केंद्र से अनुराधा द्वारा बैंक की बचत योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आई ब्रह्मकुमारी बहनों ने नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति टीम द्वारा नशे के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सरपंच नीना कुमारी व सरपंच कुलदीप सिंह राणा ने भी सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

महिला चौपाल में मतदान पर मेहंदी और स्लोगन प्रतियोगिता भी करवाई गई। मेहंदी और स्लोगन प्रतियोगिता में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सरपंच द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मतदान करने के लिए उपस्थित महिलाओं को शपथ भी दिलाई गई।

## पूर्व गृहमंत्री अनिल विज को मिले राज्य सरकार में अहम जिम्मेदारी

**अंबाला।** नगर सुधार मंडल के पूर्व चेयरमैन निर्मल विज ने वीरवार को सहयोगियों के साथ पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात की। इस दौरान निर्मल विज ने पूर्व गृहमंत्री से उनकी कुशलक्षेम पूछी। नगर परिषद क अध्यक्ष रहे निर्मल विज ने कहा कि पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भाजपा सरकार विधायक अनिल विज की अनदेखी कर रही है उसका नुकसान भाजपा को लोकसभा व विधानसभा चुनाव में होने की संभावना है। निर्मल विज ने कहा कि अनिल विज पंजाबी बिरादरी के सबसे मजबूत नेता हैं। वे लगातार चुनाव जीतकर रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। मौजूदा भाजपा सरकार में अनिल विज के मुकाबले का कोई नेता नहीं है। उन्होंने भाजपा हाईकमान से विधायक अनिल विज को वरिष्ठता के आधार पर राज्य सरकार में शामिल करने की मांग की है। निर्मल ने कहा कि पूरी पंजाबी बिरदारी अनिल विज के पीछे कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि वे तमाम लोग अनिल विज के सिपाही हैं। उन्होंने कहा कि नई सरकार में अनिल विज को कोई बड़ी जिम्मेदारी न मिलने से 36 बिरादरी के लोग दुखी हैं।



अंबाला। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात करते नगर सुधार मंडल के पूर्व चेयरमैन निर्मल व अन्य।

## भ्रमित जीव नहीं ले सकता सही निर्णय



**नारायणगढ़।** नगर खेड़ा में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सौंजन्य से चल रही पांच दिवसीय श्री रामकथा के दूसरे दिन आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी सुश्री प्रवीणा भारती ने उपस्थित भक्तों को श्रीराम के जीवन से संबंधित विभिन्न प्रसंगों को बताया। उन्होंने साध संगत को बताया कि किसी भी बात को लेकर संशय करना उचित नहीं होता। भ्रमित जीव कभी भी सही निर्णय नहीं ले सकता और न ही वह जीव सच्चाई का ज्ञान प्राप्त कर सकता है। मात्र भ्रमित होकर ही विभिन्न प्रकार की कल्पनाएं करने लगता है जो कि किसी भी जीव के लिए उचित नहीं होती । उन्होंने माता पार्वती जन्म कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब सती मां भगवान श्री राम की परीक्षा लेने गई तो कहीं न कहीं वह भ्रमित हो गई थी। क्योंकि भगवान शिव ने उन्हें बहुत समझाया मगर सती ने एक नहीं सुनी। भगवान श्री राम की परीक्षा लेने पहुंची जिस से भगवान शिव क्रोधित हुए थे लेकिन सती माता ने अपने जीवन का त्याग कर दोबारा माता पार्वती के रूप में राजा हिमालय की पत्नी मेनका के गर्भ से जन्म लिया था ।

# परेशान युवक ने फंदे से लटककर जान दी

- घरेलू वजह की वजह से परेशान बताया जा रहा है युवक
- हरियाणा रोडवेज के रिटायर्ड कर्मचारी ने भी जहर निगलकर मौत को गले लगाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

एक युवक ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने वाला युवक गांव बब्याल का अरुण है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक, अरुण पिछले लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इन दिनों अरुण की पत्नी अपने मायके गई हुई थी। रात सवा 12 बजे अरुण घर से बाहर निकला था। अरुण के पिता ने भी पूछा था कि कहां जा रहे हो लेकिन अरुण ने वापस आने की बात कही थी।

अरुण इतना मानसिक परेशान हो चुका था कि वह तड़के करीब 3 बजे वापस घर लौटा और अपने कमरे में चादर से फंदा बना पंखे पर लटक गया। सुबह करीब 5 बजे परिजनों ने देखा तो अरुण फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद महेश नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। अरुण राणा की नवंबर 2023 में ही करनाल के गांव गोंदर की युवती से शादी हुई थी। शादी के बाद से ही अरुण राणा मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, जिसके पीछे घर की परेशानी ही बताई जा रही है।

### रिटायर्ड कर्मचारी ने निगला जहर

हरियाणा रोडवेज से रिटायर्ड कर्मचारी ने जहरीला पदार्थ निगल आत्महत्या कर ली। मृतक की शिनाख्त गांव दीनारपुर डेरा के अवतार सिंह (62) के रूप में हुई है। आत्महत्या के पीछे के कारण घर की परेशानी बताई जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव दीनारपुर डेरा में अवतार सिंह ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। शव के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।



शहजादपुर। महिला चौपाल क दौरान मौजूद ग्रामीण।

## स्लोगन में महिलाओं ने दिखाया दम ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील

**शहजादपुर।** मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं गांव डेहरी और भड़ोग में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्कल सुपरवाइजर अरविंदर कौर द्वारा महिलाओं को मतदान के प्रति जानकारी देते हुए आह्वान किया गया कि वे बिना किसी डर या दबाव के अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करे। इस दौरान लोकसभा चुनाव में मतदान करने से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा बताया गया कि लोकसभा आम चुनाव में हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा और उस दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे। इस दौरान महिलाओं को साइबर क्राइम बारे भी जानकारी दी गई तथा साइबर क्राइम होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें। गांव डेहरी और भड़ोग में पब्लिक हेल्थ विभाग से आये कर्मचारी इकबाल द्वारा जल संरक्षण बारे जानकारी दी गई।

# शंभू बॉर्डर पर ट्रक में लदी बियर की पेटियां फेंकी

## किसान बोले सरकार बदनाम करने की रच रही है साजिश

- पुलिस को सूचना देकर एसएसपी पटियाला से मामले की गहन जांच करने की मांग, रात के अंधेरे में उतारी गई पेटियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों के पास ही कुछ लोगों ने ट्रक में लदी बियर की पेटियां फेंक दी। धरने पर बैठे किसानों की नजर सुबह ही पास बिखरी पेटियों पर पड़ी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। साथ ही पूरे मामले की जांच की मांग की गई। किसानों का आरोप है कि शराब की आड़ में उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल पिछले 45 दिनों से किसान मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर डटे हैं। यहीं सड़क किनारे ही किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों में डटे हैं। किसानों के मुताबिक रात को किसी ने बीयर से भरी पेटियों का पूरा ट्रक ही उनके पास उतार दिया। तब किसानों को इसकी भनक नहीं लगी। जब वीरवार सुबह किसान जागे तो उनकी नजर बियर की पेटियों पर पडी। तभी पुलिस को मामले की सूचना दी गई। किसानों के मुताबिक पेटियों में बंद बियर पूरी तरह से सील है। इन पर 3 मार्च 2023 की मैन्युफैक्चरिंग डेट लिखी हुई है। किसानों का कहना है कि सरकार उनके आंदोलन को बदनाम करना चाहती है। किसान नेताओं ने कहा कि वे पहले ही कहते रहे हैं कि सरकार ऐसे ही हथकंडे अपना रही है। बियर फेंकने का कारनामा भी सरकार ने किया है, ताकि किसान बदनाम हो जाएं और लोग उनके खिलाफ हो जाएं। किसान नेताओं ने मांग की है कि एसएसपी पटियाला इस मामले में हस्तक्षेप करें और मामले की जांच कराएं।



अंबाला। शंभू बॉर्डर के पास बिखरी बियर की पेटियों निकले कैन दिखाते किसान।

## खाली पड़े रिहायशी भवन से जेवर चोरी पुलिस ने शुरू की वारदात की जांच

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना**

सिरसगढ गांव में चोरों ने दिनदहाड़े एक घर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जब चोरी हुई तब घर के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। बुधवार को दोपहर के समय जब घर के सदस्य घर पर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर मे चोरी हो चुकी थी। घर का सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से सोने के जेवरात चोरी कर ले गए थे। पीड़ति रामपाल ने घर पर हुई चोरी की शिकायत पुलिस को सौंपी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में रामपाल ने कहा कि वह बुधवार को सुबह करीब 9 बजे अपनी आंखे चेक करवाने के लिए अंबाला शहर में डॉक्टर के पास गया हुआ था व उस की पत्नी व लडका प्रवीण कुमार खेत में काम करने के लिए नजदीक रविदास आश्रम सिरसगढ गए हुए थे और पुत्रवधु भोती अपनी दवाई लेने के लिए एमएम अस्पताल मुलाना गई हुई थी। जब उस की पत्नी व लडका दोपहर के समय खाना खाने के लिए घर पर आए तो घर का ताला खोल कर अन्दर दाखिल हुए तो उन्होंने देखा कि घर के अंदर रखी लोहे की अलमारी से सोने के जेवरात चोरी हुए पाए और जेवरात की सभी डिब्बियां प्लास्टिक बैड पर पड़ी हुई मिली । शिकायतकर्ता ने कहा कि जब इस घटना कि सूचना उस की पत्नी ने उसे दी तो वह वापिस आया ।

## डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में आयोजित किया गया था तीन दिवसीय होला महल्ला समागम

# होला महल्ला में सजाए कीर्तन दरबार, संगत को किया निहाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में तीन दिवसीय होला महल्ला समागम बड़ी श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत श्री निशान साहिब की सेवा की गई। इसके पश्चात कीर्तन दरबार सजाए गए। इसमें बीबी मनप्रीत कौर, खालसा दिल्ली वाले, भाई लखविन्द्र सिंह शाहबाद वाले, सुखदेव सिंह बेली जी रोपड़ वाले, भाई सुखजिंद्र सिंह जी चंडीगढ़ वाले, तथा संत बाबा दलजीत सिंह वाले संगत को कथा, कीर्तन एवं गुरू का इतिहास सुनाकर निहाल किया। संत दलजीत सिंह ने संगत को होला महल्ला समागम की लख-लख बधाईयां दी व होला महल्ला के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय पर्व होला महल्ला पर बधाई दी। संत बाबा दलजीत सिंह ने पूरी संगत को होला महल्ला के पावन पर बधाई देते हुए बताया कि श्री आनंदपुर साहब में लाखों भक्तों की उपस्थिति में मनाया जाने वाला राष्ट्रीय त्यौहार खालसा पंथ की चढ़दी कलां का प्रतीक है।

उन्होंने संगत को श्री गुरू ग्रंथ साहिब की पवित्र वाणी को मन में स्थापित करके सेवा और सिमरन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि दशवें पातशाह गुरू गोबिंद सिंह महाराज ने होला महल्ला का आरंभ आनंदपुर साहिब के किला होलगढ़ से किया था और इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य गुरसिखों के भीतर फतेह के अनुभव को और अधिक दृढ़ करना था। उन्होंने कहा कि दशवें पातशाह खालसा को युद्ध विद्या में निपुण बनाना चाहते थे इसलिए उन्होंने होली के स्थान पर होला महल्ला की शुरूआत की। समागम के दौरान सेवा करने वाले सेवादारों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंडित तिलकराज शर्मा, जोरावर सिंह पिहोवा, बलजीत सिंह, अशोक खरबंदा, मनोज सभरवाल, हीरा लाल समेत हजारों भक्त मौजूद थे। इस अवसर पर गुरू का लंगर अटूट बरताया गया।





बराड़ा। डेरा बाबा दलजीत सिंह में आयोजित समागम में कीर्तन करते संत बाबा दलजीत सिंह।